आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
वर्ष : 27 अंक : 237 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 16 अगस्त, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# गुलामी के अंश को खत्म करना होगा : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी ने मथुरा को दी 118 परियोजनाओं की सौगात, श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर की विशेष पूजा



**मथुरा (एजेंसी)।** कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मथुरा और वृंदावन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज मथुरा पहुंचे और उन्होंने यहां विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मथुरा को 118 विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कृष्ण जन्मस्थान पहुंचे। इस दौरान जन्मस्थान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नजर आए। सीएम योगी द्वारा यहां विधि विधान से ठाकुर जी का पूजना किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले आठ वर्षों में 38वीं बार भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा का दौरा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी सरकार के मुख्य एजेंडों में मथुरा का विकास भी शामिल है।

मुख्यमंत्री रहते हुए सर्वाधिक बार मथुरा की यात्रा करने का उनका यह रिकॉर्ड, सनातन आस्था के प्रति उनकी सरकार के गहरे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। काशी और अयोध्या की तरह ही, अब मथुरा भी योगी सरकार के विकास के केंद्र में आ गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने के बाद 500 वर्षों की गुलामी से मुक्ति मिली है। मथुरा के कण-कण में कृष्ण की भक्ति है। 5 हजार वर्ष पुरानी इस विरासत का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमें गुलामी के अंश को खत्म करना होगा औरअपनी पुरातन संस्कृति का संरक्षण करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गाय, गंगा, यमुना इन सबका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश सरकार 16 लाख गायों का संरक्षण कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें ऐसी दुष्ट प्रवृत्तियों से दूर रहना चाहिए जो जाति, धर्म, भाषा व क्षेत्र के नाम पर देश को बांटना चाहती है।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज लोक भवन में भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए एवं उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी का 6 दशक का राजनीतिक करियर पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देता है। यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तर प्रदेश में बलरामपुर से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। 1957 में पहली बार बलरामपुर संसदीय सीट से वह सांसद बने और बाद में भारत के प्रधानमंत्री बने। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के सभी मंत्री व अधिकारी मौजूद थे।

## चार बच्चों की माँ गार्ड के साथ भागी, घर से ले गई जेवरात व नगदी

**नोएडा (चेतना मंच)।** चार बच्चों की मां पड़ोस में रहने वाले गार्ड सुपरवाइजर के साथ भाग गई। महिला घर में बेटी की शादी के लिए रखे लाखों रुपए के जेवरात व नगदी को भी अपने साथ ले गई। पीड़ित ने आरोपी गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है। न्यायालय के निर्देश के बाद थाना सेक्टर-113 पुलिस ने आरोपी गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सर्फाबाद गांव में रहने वाले विनोद (काल्पनिक नाम) ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी व चार बच्चों के साथ किराए पर रह रहा है।वह ठेकेदारी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उसकी पत्नी सेक्टर-74 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी में खाना बनाने का कार्य करती थी। कई बार उसने अपनी पत्नी को काम करने से मना किया लेकिन उसने खाना बनाने का काम नहीं छोड़ा। इसी सोसायटी में गार्ड सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत ललित कुमार ने उसकी पत्नी को बहला फुसला लिया। ललित कुमार के झांसे में आकर उसकी पत्नी 7 जुलाई को घर में रखे करीब साढे चार लाख रुपए के सोने के आभूषण व साढ़े तीन लाख रुपए को लेकर ललित कुमार के साथ चली गई। विनोद के मुताबिक उसने यह आभूषण व नगदी अपनी बेटी की शादी के लिए घर में रखी हुई थी। **(शेष पृष्ठ-5 पर)**

## पंचायत में बवाल दबंगों ने की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दनकौर के ग्राम फतेहपुर अट्टा में दो पक्षों के आपसी वाद विवाद के निपटारे के लिए बुलाई गई पंचायत में बवाल मच गया। पंचायत में दबंग पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया।

ग्राम अट्टा फतेहपुर निवासी मुनीफा ने थाना दनकौर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके बेटे फिरोज का गांव के ही रजुआ से 13 अगस्त को किसी बात को लेकर वाद-विवाद हो गया था। इस वाद विवाद को निपटाने के लिए 14 अगस्त की सुबह गांव के ही दिनू के घर पर सभ्य लोगों द्वारा पंचायत कर आपसी समझौता कराया जा रहा था। पंचायत में मौजूद साहिल, अशरफ, अकरम, गुल्लू नूर हसन व 5 अज्ञात लोगों ने उनके बेटे फिरोज पर अचानक हमला कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे पंचायत में भगदड़ मच गई। मारपीट के दौरान साहिल ने तमंचे की बट से उसके बेटे फिरोज पर वार कर उसे घायल कर दिया। तमंचे की बट लगने से फिरोज की आंख में **(शेष पृष्ठ-5 पर)**

## ट्रांसफर चोरी करने वाले चार बदमाशों पर गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ट्रांसफर चोरी व नकबजनी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस की नाक में दम करने वाले चोर गिरोह के चार सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना दादरी पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है।

थाना दादरी प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि आमिर पुत्र खुर्शीद, अशरफ उर्फ असलम पुत्र रईस, अमन पुत्र रहमत व चांद मोहम्मद पुत्र वाहिद खान के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी **(शेष पृष्ठ-5 पर)**

## दिल्ली में थार कार ने रौंदा बाइक सवार, कार में मिली शराब की बोतल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर तेज रफ्तार बेकाबू थार का कहर देखने को मिला। मोती नगर इलाके में कार ने बाइक सवार शख्स को रौंद दिया। इस घटना में बाइक सवार शख्स की मौत हो गई। मृतक शख्स की पहचान बेचू लाल (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद से आरोपी कार चालक फरार है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इससे पहले इसी महीने चाणक्यपुरी इलाके में इसी तरह की घटना सामने आई थी, जहां थार सवार ने दो लोगों को कुचल दिया था, जिनमें से एक की मौत हो गई थी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया था। थार कार में शराब की बोलत भी मिली है। बाइक चालक सड़क के किनारे खड़ा हुआ था।

## डांटने पर नाबालिग बेटी घर से चली गई

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** घर का काम करने को लेकर नाबालिग बेटी को डांटना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। पिता की डांट से गुस्साई किशोरी घर से बिना बताए चली गई।

थाना जारचा क्षेत्र के एक गांव निवासी महेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अगस्त को उन्होंने अपनी 17 वर्षीय बेटी को घर का काम करने को लेकर डांट दिया था। इसके बाद वह किसी काम से घर से बाहर चले गए। शाम के समय उनकी बेटी घर से बिना बताए चली गई। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की **(शेष पृष्ठ-5 पर)**

## चोरी की बाइक पर सवार बदमाश से पुलिस की मुठभेड़

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर चोर को



गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। इसके पास से तमंचा, कारतूस,चोरी के चार मोबाइल फोन व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी ने बताया कि थाना फेस-2 पुलिस सेक्टर-92 चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आ रहे एक युवक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार एनएससीजेड की तरफ भाग निकला। पुलिस के पीछा करने पर उसने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में **(शेष पृष्ठ-5 पर)**

## रोडवेज बस ने अचानक मारा ब्रेक, बाइक सवार की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज गति में जा रही रोडवेज बस के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से पीछे आ रहा बाइक सवार संतुलन को बैठा। बाइक सवार रोडवेज बस से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

थाना जेवर में दर्ज कराई रिपोर्ट में डींग राजस्थान निवासी प्रदीप सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई आकाश सिंह नोएडा की एक कंपनी में काम करता था। वह 14 अगस्त की शाम को राजस्थान से गौतम बुद्ध नगर की तरफ अपने दोस्त की बाइक से आ रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज गति में जा रही रोडवेज बस के चालक ने ओवरटेक करने के फेर में अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे आकाश सिंह की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक बस से टकरा गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए आकाश सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद रोडवेज बस चालक मौके से फरार हो गया। थाना जेवर पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए बस नंबर के आधार पर चालक की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**गाजियाबाद ।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र के तुल्सीनिकेतन दिल्ली वजीराबाद रॉड पर पेड़ से 25 वर्ष का युवक शव लटका मिला शव मिलने से क्षेत्र में हडकम्प मच गया

तुल्सीनिकेतन दिल्ली वजीराबाद रॉड के किनारे पेड़ से 25 वर्ष के युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हडकम्प मच गया ।जिसकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को नीचे उतार कर लोगो से पहचान कराई तभी पुलिस को जानकारी मिली की गरीमा गार्डन पसौन्डॉ निवासी गटुवा उर्फ आशिफ 25 वर्ष का शव हैं इस सूचना पर परिजनों को बुलाकर पूछताछ की परिजनों ने शव की पहचान किया ।

थाना प्रभारी टीला मोड़ ने बताया की गटुवा उर्फ आशिफ नशे का आदि था और शुक्रवार को सुंदर नगरी दिल्ली में नशा के लिए झगड़ा हुआ था जिसके बाद थाना नन्द नगरी दिल्ली में शिकायत किया मगर पुलिस ने यह कह दिया की जीटीबी हॉस्पिटल से मेडिकल कराकर आओ उसके बाद शनिवार को सुबह पेड़ से लटका हुआ शव बरामद हुआ हैं। परिजनों की लिखित शिकायत मिलने और पीएम रिपोर्ट के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## शहीदों की रज धूली से पावन हुई दादरी की धारती

**पंजाब के हुसैनीवाला स्थिती शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव जी की समाधी से उनकी रज धूली लेकर दादरी पहुंचे 'जय हो' संस्था के पांच सदस्य**

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जय हो एक सामाजिक संस्था के द्वारा ऐतिहासिक प्रेरणा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के द्वारा शहीदों के समाधि स्थल की रज धूली के साथ लाल कुआं से दादरी शहीद स्तंभ तक करीब 14 किलोमीटर देशभक्ति संगीतमय पदयात्रा की गई। इस दौरान दादरी क्षेत्र के हजारों लोगों ने यात्रा में शामिल होकर शहीदों की रज धूली को नमन किया। जिसके उपरांत यात्रा का दादरी शहीद स्तंभ पर पहुंचकर संस्था के संरक्षक एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट की मौजूदगी में यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर पदयात्रा के दौरान देशभक्ति संगीत के साथ साथ शहीद मंगल पांडेय, भगत सिंह जेल डायरी और ऑप्रेशन सिन्दूर की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान



भारी बरसात के बावजूद भी लोगों का जोश कम नहीं हुआ और यात्रा लगातार जारी रही।

जय हो एक सामजिक संस्था के संस्थापक एवं प्रेरणा यात्रा के संयोजक कपिल शर्मा एडवोकेट ने बताया कि संस्था के द्वारा यह प्रेरणा यात्रा दादरी ब्लाक परिसर में स्थित शहीद स्तंभ के जीर्णोद्धार के संकल्प के साथ निकाली गई। जिसमें संस्था के अध्यक्ष दिनेश भाटी एडवोकेट के नेतृत्व में कपिल शर्मा, संदीप भाटी, परमांनद कौशिक व सचिन शर्मा 12 अगस्त को पंजाब के हुसैनीवाला स्थित शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव जी के समाधि स्थल के लिए रवाना हुए थे। **(शेष पृष्ठ-5 पर)**

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

## थोड़ी सी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के उन वाहन मालिकों को राहत दी है, जिनके वाहनों के खिलाफ पहले कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। दरअसल, प्रदूषण संकट के मद्देनजर इन क्षेत्रों में दस वर्ष से अधिक के डीजल व पंद्रह वर्ष से अधिक के पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का निर्णय हुआ था। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने ऐसे वाहनों के मालिकों को राहत देते हुए अधिकारियों को दंडात्मक कार्रवाई रोकने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट एनजीटी के निर्देश को बरकरार रखने वाले 29 अक्तूबर 2018 के फैसले को वापस लेने की मांग से संबंधित याचिका पर विचार कर रहा था। दरअसल, एनजीटी के आदेश के अनुरूप ही वाहनों को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए थे। एनजीटी ने आदेशों के अनुपालन न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल का कोर्ट से आग्रह था कि दंडात्मक कदम रोकने के आदेश पर विचार किया जाए। कोर्ट ने इस बाबत चार सप्ताह में जवाब देने की बात कही है। दरअसल, दिल्ली सरकार की भी ऐसी मंशा थी, जिसने प्रतिबंध को अदालत में चुनौती दी थी। वास्तव में सत्ताधीशों को आशंका थी कि इस फैसले का व्यापक विरोध हो सकता है क्योंकि लोगों को औने-पौने दामों में महंगे वाहन बेचने को बाध्य होना पड़ता। जिससे उपजा आक्रोश ट्रिपल इंजन सरकार के लिये राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है। कोर्ट का यह भी कहना था कि केंद्र सरकार व गुणवत्ता प्रबंधन आयोग गंभीर अध्ययन करें ताकि अवधि आधारित प्रतिबंधों के मुकाबले उत्सर्जन आधारित मानदंडों का पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन हो सके। दरअसल, आम मध्यमवर्गीय परिवारों में कार का इस्तेमाल कम होता है और वे अपनी आर्थिक सीमाओं के चलते वाहनों को लंबी अवधि तक बड़े कायदे से रखते हैं। उनका वाहन अधिक वर्षों तक चलता है लेकिन उसके उपयोग की अवधि कम होती है। निस्संदेह, एक आम भारतीय के लिए कार आत्मीय अहसासों का प्रतीक भी है, जिसे वह आमतौर पर जीवन में एक बार ही खरीद पाता है। ऐसे में आत्मीय अहसासों से जुड़ी कार को औने-पौने दामों में बेचना उसके लिये कष्टकारी है। वैसे भी आजकल तमाम लोग भीड़-भाड़ से बचने के लिये टैक्सी का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में वाहन लंबे समय तक प्रदूषण रहित जीवन पा सकता है। दरअसल, दिल्ली सरकार का भी मानना था कि वाहनों की समय सीमा संबंधी नीति लागू करते वक्त इसके निर्माण वर्ष के बजाय वास्तविक इस्तेमाल के मानक पर विचार करें। दरअसल, दिल्ली सरकार ने जनाक्रोश के चलते इसे संवेदनशील विषय मानकर अपने नजरिये में बदलाव किया। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। लेकिन व्यावहारिक दिक्कतों व लोगों के रोष के मद्देनजर इसे क्रियान्वित नहीं किया जा सका था। सरकार ने महसूस किया कि फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी कि कदम समय से पहले उठा लिया गया। इस फैसले के क्रियान्वयन से जुड़ी परिचालनगत चुनौतियां भी सामने आईं। जनाक्रोश के चलते राज्य सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया। फिर आयोग ने समीक्षा बैठक के बाद फैसले पर फौरी तौर पर रोक लगाई। वैसे भविष्य में भी इस फैसले पर यदि अमल होता है तो सरकार को वाहन मालिकों का गुस्सा झेलना होगा। दरअसल, इस सख्त फैसले से किसी वाहन के बचने की उम्मीद नहीं है। वास्तव में ये वाहन स्वामियों के लिये एक भावनात्मक मुद्दा बन चुका है। वे मानते हैं कि उन्होंने अपने वाहन की कायदे से मेंटेनेंस की है और उन्हें प्रदूषण न फैलाने के बावजूद सजा दी जा रही है। निस्संदेह, पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना हर नागरिक का दायित्व है, लेकिन इस संवेदनशील मुद्दे को वाहन स्वामियों के नजरिये से भी देखा जाना चाहिए। यह भी मानकर चलना चाहिए कि इस फैसले के क्रियान्वयन से नये वाहन खरीदने पर मध्यम व निम्न वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ेगा।

## हवा-पानी की आज़ादी के बिना आज़ादी अधूरी

देश एवं दुनिया के सामने स्वच्छ जल एवं बढ़ते प्रदूषण की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। शुद्ध हवा एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल एवं हवा सबसे जरूरी वस्तु है, जल एवं हवा है तो जीवन है। जल एवं हवा ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीवन के तीन आधार तत्व हैं-हवा, पानी और धरती है। इनकी संरक्षा न केवल हमारी अस्तित्व-निर्भरता से जुड़ी है, बल्कि मानवता की नैतिक जिम्मेदारी भी है। आज का युग, जिस तेज़ी से विकसित हो रहा है, उसी भागदौड़ में हवा और पानी को परम स्वाधीनता से वंचित कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध, दिल्ली का उच्च प्रदूषण सूचकांक, अमेरिका के जंगलों की धुएं से गंदली हवा, बढ़ता वाहन प्रदूषण-ये सब संकेत देते हैं कि हवा से आज़ादी मतलब 'स्वस्थ हवा' पाना है। हमारे आज़ादी को नया अर्थ चाहिए तो यह प्राकृतिक संसाधनों यानी हवा एवं पानी की आज़ादी पर भी निर्भर है, जो मानव व पर्यावरण-जगत दोनों के लिए जीवनदायिनी है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि जीवन के हर पहलू में सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक अस्तित्व का अधिकार है। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जब हम आज़ादी का जश्न मना रहे हैं, तब यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या हमें हवा और पानी की सच्ची आज़ादी मिली है?

आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है। हवा, पानी और धरती- इनके बिना जीवन संभव नहीं। पर दुर्भाग्य से आज इन मूलभूत संसाधनों पर गहरा संकट है। स्वच्छ हवा में सांस लेना और शुद्ध पानी पीना अब विलासिता जैसी चीज़ बनती जा रही है। 'हवा-पानी की आज़ादी' का मतलब है कि हर व्यक्ति को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी तक सहज पहुंच हो। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवता का मूल अधिकार है। परंतु शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों के दुरुपयोग ने हवा और पानी दोनों को विषाक्त बना दिया है। विश्व में 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित पेयजल की सुविधा नहीं है। भारत में करोड़ों लोग अभी भी दूषित या अपर्याप्त पानी पर निर्भर हैं। रसायनयुक्त कृषि, औद्योगिक अपशिष्ट, प्लास्टिक प्रदूषण और भूजल के अंधाधुंध दोहन ने जल की गुणवत्ता को लगातार गिराया है।

जल संकट भविष्य में सबसे बड़ा युद्ध का कारण बन सकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ती युद्ध की संभावनाओं का कारण भी जल ही बनता हुआ दिख रहा है। ऑपरेशन सिंधूर के बाद



भारत ने पाक पर सिंधु जल समझौते को रद्द कर देने से पाक में जल संकट खड़ा हो गया है, पाक की ओर से परमाणु बम की धमकी दी जा रही है, वहीं भारत भी युद्ध की संभावनाओं को देखते हुए तैयार में जुट गया है। जल संकट केवल भारत और पाक में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ी समस्या है। क्योंकि ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, नदियों का प्रवाह घट रहा है, भूजल का स्तर गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, सूखा और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2000 से अब तक बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धरती का 70 प्रतिशत भाग पानी से भरा है, लेकिन पीने योग्य पानी केवल 3 प्रतिशत है, जिसमें से उपयोगी मीठा जल 1 प्रतिशत से भी कम है। बढ़ती जनसंख्या और बर्बादी ने इस अमूल्य संसाधन को गंभीर संकट में डाल दिया है।

दिल्ली और अन्य महानगरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 'बहुत खराब' या 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता है। प्रदूषित हवा श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर तक का कारण बन रही है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। रिसर्च बताती है कि दिल्ली के 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों को सांस लेने में कठिनाई होती है, आंखों में जलन और खांसी की शिकायत रहती है। वाहन प्रदूषण, औद्योगिक धुआं, निर्माण गतिविधियों की धूल और फसल अवशेष जलाना- ये सब मिलकर हवा को ज़हरीला बना रहे हैं।

भारत के पास जल प्रबंधन की प्राचीन परंपरा रही है-तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और सरोवर जल संरक्षण के अद्भुत उदाहरण हैं। राजस्थान के किलों और गांवों में जल संचयन व्यवस्था आज भी दुनिया के लिए प्रेरणा है। पर्यावरणविद अनुपम मिश्र कहते थे- अब भी खरे हैं तालाब। आज आवश्यकता है कि हम इन परंपराओं को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर जल संकट का समाधान करें। सरकार ने 'अटल भूजल योजना', 'नल से जल' और 'नदी पुनर्जीवन' जैसी योजनाएं शुरू की हैं। लेकिन केवल सरकारी प्रयास काफी नहीं, जनभागीदारी आवश्यक है। गांव-गांव में वर्षा जल संचयन, नदियों की सफाई, औद्योगिक अपशिष्ट का प्रबंधन और भूजल संग्रहण की व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। हवा की शुद्धता के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक परिवहन को विश्वसनीय और सुलभ बनाया जाये, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाये, औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्त नियंत्रण हो, हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण को बढ़ाना अत्यंत जरूरी कदम हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, उसकी मूलभूत सुविधाएं हो और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

आजादी के अमृतकाल में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हमें हवा एवं पानी की आजादी के लिये संकल्प लेना होगा। वायु-जल संसाधनों पर गहराते संकट को खत्म करने के लिए अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करना होगा। इसके लिए सभी लोगों को बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरूष, किसान, उद्यमियों सभी को पहल करनी है। पानी को बचाने एवं हवा की शुद्धि की आदत को व्यवहार में ढालना होगा। हवा में घूल रहा प्रदूषण भी खतरनाक होता जा रहा है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। खेती में प्रदूषकों की रोकथाम से जल संसाधनों के संकट और पारिस्थिकी तंत्र में बदलाव के संकट को कम किया जा सकता है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को नियमित करके समस्या को काफी हद तक सुलझाया जा सकता है। उपलब्ध जल संसाधनों तक उपभोग को सीमित करके, संसाधन पर दवाब कम किया जा सकता है।

आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है- हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि शुद्ध हवा-पानी जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ी सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमने अंग्रेज़ी शासन से मुक्ति पाई, लेकिन अगर हमारे बच्चे दूषित हवा में सांस लें और जहरीला पानी पिएं, तो यह कैसी आज़ादी है? आज़ादी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हर नागरिक को स्वच्छ हवा और शुद्ध पानी मिले। 78वां स्वतंत्रता दिवस केवल झंडा फहराने और भाषण देने का नहीं, बल्कि जीवनदायिनी संसाधनों की रक्षा का संकल्प लेने का अवसर है। अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल पर पानी बचाने की आदत डालें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें। वर्षा जल संचयन करें। प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों का विरोध करें। वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाएं। क्योंकि हवा और पानी की आज़ादी ही जीवन की सच्ची आज़ादी है।

**– ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि कौसल्याजी बार-बार हाथ जोड़कर विनय करती हैं कि हे प्रभो! मुझे आपकी माया अब कभी न व्यापे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बालचरित हरि बहुबिधि कीन्हा। अति अनंद दासन्ह कहँ दीन्हा॥**
**कछुक काल बीतें सब भाई। बड़े भए परिजन सुखदाई॥**

भगवान ने बहुत प्रकार से बाललीलाएँ कीं और अपने सेवकों को अत्यन्त आनंद दिया। कुछ समय बीतने पर चारों भाई बड़े होकर कुटुम्बियों को सुख देने वाले हुए॥

**चूड़ाकरन कीन्ह गुरु जाई। बिप्रन्ह पुनि दछिना बहु पाई॥**
**परम मनोहर चरित अपारा। करत फिरत चारिउ सुकुमारा॥**

तब गुरुजी ने जाकर चूड़ाकर्म-संस्कार किया। ब्राह्मणों ने फिर बहुत सी दक्षिणा पाई। चारों सुंदर राजकुमार बड़े ही मनोहर अपार चरित्र करते फिरते हैं॥

**मन क्रम बचन अगोचर जोई। दसरथ अजिर बिचर प्रभु सोई॥**
**भोजन करत बोल जब राजा। नहिं आवत तजि बाल समाजा॥**

जो मन, वचन और कर्म से अगोचर हैं, वही प्रभु दशरथजी के आँगन में विचर रहे हैं। भोजन करने के समय जब राजा बुलाते हैं, तब वे अपने बाल सखाओं के समाज को छोड़कर नहीं आते॥

**( क्रमशः... )**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वतंत्रता आंदोलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के बारे में अज्ञानता से घिरे लोग अकसर यह प्रश्न पूछते हैं कि स्वतंत्रता आंदोलन में संघ की क्या भूमिका रही है? कुछ लोग इससे भी आगे बढ़ जाते हैं और पूछते हैं कि संघ के किसी एक कार्यकर्ता का नाम ही बता दीजिए, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया हो? संघ की स्थापना जिन्होंने की, वे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्वयं ही जन्मजात देशभक्त थे। डॉ. हेडगेवार क्रांतिकारी भी रहे, कांग्रेस में रहकर राजनीतिक संघर्ष किया और जेल भी गए। बाद में, देश की सर्वांग स्वतंत्रता और स्वतंत्रता को स्थायी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। डॉ. हेडगेवार अकेले नहीं हैं, अपितु स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेनेवाले संघ के ज्ञात-अज्ञात कार्यकर्ताओं की लंबी शृंखला है। जो संगठन अपने कार्यकर्ताओं को यह शपथ दिलाता हो कि मैं हिन्दूराष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घटक बना हूँ, उसने कितने ही लोगों के मन में स्वतंत्रता प्राप्ति का भाव भरा होगा, उसकी सहज कल्पना की जा सकती है।

भारत में प्रतिज्ञा का बहुत महत्व है। हमें भीष्म प्रतिज्ञा का स्मरण है। राजा हरिशचंद्र की सत्य बोलने की प्रतिज्ञा ध्यान है। मुगलिया सल्तनत के अत्याचार के विरुद्ध महाराण प्रताप की प्रतिज्ञा को कौन भूल सकता है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने शिव को साक्षी मानकर प्रतिज्ञा करके 'स्वराज्य' की नींव रखी, जिसे साकार करने में संपूर्ण समाज प्राणपण से जुट गया। संघ के स्वयंसेवक भी इसी भाव के साथ प्रतिज्ञाबद्ध होते हैं कि वह जो प्रतिज्ञा ले रहे हैं, उसको पूर्ण करने में अपना सर्वस्व देंगे और प्रतिज्ञा को आजन्म निभाएंगे। मार्च 1928 में नागपुर के निकट एक पहाड़ी पर स्वयंसेवकों को एकत्र करके, भगवाध्वज के समक्ष प्रतिज्ञा का पहला कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया था। देश की पूर्ण स्वतंत्रता एवं विकास के लिए स्वयंसेवकों को वीरव्रती बनाने के निमित्त आयोजित इस प्रथम



कार्यक्रम में 99 स्वयंसेवकों ने प्रतिज्ञा की थी। इस अवसर पर डॉ. हेडगेवार ने संघ के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जो भाषण दिया, वह स्वतंत्रता प्राप्ति की संघ की आकांक्षा को स्पष्टतौर पर व्यक्त करता है। उन्होंने कहा- हमारा उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र की पूर्ण स्वाधीनता है। संघ का निर्माण इसी महान लक्ष्य के लिए हुआ है। इस स्पष्ट अभिव्यक्ति के बाद कहने के लिए कुछ और भी बचता है क्या? यह भी समझना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता अपनी नित्य प्रार्थना में कहते हैं कि इस राष्ट्र को परम वैभव पर लेकर जाना है। क्या कोई पराधीन राष्ट्र परम वैभव पर जा सकता है? स्पष्ट है कि भारत की स्वतंत्रता का लक्ष्य संघ की स्थापना में निहित था।

डॉक्टर साहब ने 1929 में वर्धा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में भी स्वयंसेवकों एवं नागरिकों की एक सभा में प्रखरता के साथ कहा- ब्रिटेन की सरकार ने अनेक बार भारत को स्वतंत्र करने का आश्वासन दिया है, परंतु वह झूठा साबित हुआ। अब यह साफ हो गया कि भारत अपने बल पर स्वतंत्रता प्राप्त करेगा। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने महात्मा गांधी के आह्वान पर 'नमक सत्याग्रह' में शामिल होकर विदर्भ प्रांत में 1930 में 'जंगल सत्याग्रह' किया। इस आंदोलन में उनके साथ अनेक प्रमुख स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। सत्याग्रहियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। डॉक्टर साहब को नौ माह का कठोर कारावास दिया गया। इससे पूर्व 1921 के आंदोलन में भी डॉक्टर साहब को जेल की सजा हुई थी। महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन को मध्यभारत में सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने अथक प्रयास किया। संघ के सरकार्यवाह जीएम हुद्दार, नागपुर के संघचालक अप्पा साहेब हलदे, सिरपुर के संघचालक बाबूराव वैद्य, संघ के सरसेनापति मार्तंडराव जोग के साथ संघ के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं के आंदोलन में शामिल होने के कारण चार-चार माह का कारावास मिला।

अपनी स्थापना के कई वर्षों बाद कांग्रेस को जनमानस के दबाव के कारण 31 दिसंबर, 1929 को लाहौर में रावी के तट पर पहली बार 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव पारित करना पड़ा। याद रहे कि डॉ. हेडगेवार ने 1920 में नागपुर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में ही पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित कराने का प्रयास किया था। उन्होंने कांग्रेस की प्रस्ताव समिति के सामने सुझाव रखा था कि कांग्रेस का उद्देश्य भारत को पूर्ण स्वतंत्र कर भारतीय गणतंत्र की स्थापना करना और विश्व को पूंजीवाद के चंगुल से मुक्त करना होना चाहिए। बहरहाल, सम्पूर्ण स्वतंत्रता का उनका सुझाव कांग्रेस ने 9 वर्ष बाद 1929 के लाहौर अधिवेशन में स्वीकृत किया। कांग्रेस का यह निर्णय संघ के घोषित उद्देश्य के अनुरूप था। इसलिए इससे आनंदित होकर सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार ने संघ की सभी शाखाओं को 26 जनवरी, 1930 को कांग्रेस का अभिनंदन करने, राष्ट्रध्वज का वंदन करने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि शाखाओं पर भाषण करके स्वतंत्रता के वास्तविक अर्थ एवं महत्व को समझाया जाए। सरसंघचालक के निर्देशानुसार, संघ की सभी शाखाओं पर 26 जनवरी, 1930 को सायं 6 बजे स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

संघ के स्वयंसेवकों ने 1942 के 'अंग्रेजो, भारत छोड़ो' आंदोलन में भी सहभागिता की। 8 अगस्त, 1942 को मुंबई के गोवलिया टैंक मैदान पर कांग्रेस अधिवेशन में महात्मा गांधीजी ने आंदोलन की घोषणा की। दूसरे दिन से ही देशभर में आंदोलन प्रारंभ हो गया। विदर्भ में बावली (अमरावती), आष्टी (वर्धा) और चिमूर (चंद्रपुर) में हुए आंदोलनों में संघ के स्वयंसेवकों ने ही नेतृत्व किया। चिमूर के समाचार बर्लिन रेडियो पर भी प्रसारित हुए। – **लोकेन्द्र सिंह**

## राशिफल

भाद्रपद माह, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आपके घर में पूजा-पाठ आदि के कार्यक्रम हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में मन लगाएं उत्तम लाभ होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा संभव है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, प्रेम-संतान अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
धनार्जन करेंगे। कुटुंबों में वृद्धि होगी। क्रोध में काबू रखें। तबीयत थोड़ी ऊपर-नीचे रहेगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे, जो चाहेंगे वो होगा। जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आपको जल्द ही खुश-खबरी मिलेगी। आपके घर में पूजा आदि का कार्यक्रम हो सकता है। अपने ईष्ट की आराधना करें।


श्रीमती आनंदीबेन पटेल
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश
सभी प्रदेशवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
गोविन्द शर्मा (पिंकी पंडित)
प्रान्तीय सहायक सचिव
अपराध निरोधक समिति (लखनऊ)

# स्वतंत्रता दिवस पर बहादुर पुलिसकर्मियों का सम्मान, कमिश्नर ने दिलाई शपथ



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन्स, गौतमबुद्धनगर में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा तथा सशक्त एवं समृद्ध भारत के निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिह द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन्स, गौतमबुद्धनगर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। वहीं, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त कार्यालय, सेक्टर-108 नोएडा में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र व पुलिस मुख्यालय, सूरजपुर में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजय कुमार ने ध्वजारोहण कर पुलिस कर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा और उसे सशक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने अमर शहीदों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए सभी पुलिसकर्मियों को उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध होकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा देश की सुरक्षा, सम्मान और अखंडता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय/साहसिक कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही, शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को विशेष रूप से आमंत्रित कर भावपूर्ण सम्मान अर्पित किया गया।













**वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित पुलिसकर्मी**

निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह : थाना सेक्टर-39, उपनिरीक्षक सुमनेश कुमार : थाना जारचा, उपनिरीक्षक सचिन धामा : साइबर थाना।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह**

निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा : थाना एएचटी, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह : थाना सेक्टर-39,

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह ( रजत )**

निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ल: थाना सेक्टर-20, निरीक्षक अमित कुमार मान: थाना फेस-1, महिला उपनिरीक्षक प्रीति सिंह: पुलिस लाइन्स, मुख्य आरक्षी मोहम्मद रफीक: पुलिस लाइन्स, मुख्य आरक्षी विकास तोमर : सीडीटी सेंट्रल नोएडा, मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र प्रताप: थाना सेक्टर-49, आरक्षी दिग्विजय सिंह: थाना सेक्टर-24, आरक्षी विक्रम सिंह राणा: थाना सेक्टर-49, एवं आरक्षी पिंकू पंवार : थाना सेक्टर-24

इसके साथ ही पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण योगदान व सहयोग के लिये 105 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अपने कर्तव्य निर्वहन करते समय सर्वोच्च बलिदान देने वाले आरक्षी स्व. सौरभ कुमार की पत्नी श्रीमती आयुषी चौधरी को कमिश्नरेट स्तर से उनकी वीरता एवं बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि और सहानुभूति प्रकट करते हुए लगभग 75,00,000 (पचहत्तर लाख रुपये) का चेक प्रदान किया गया । निरीक्षक स्व0 सुबोध कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी स्व0 बिजेन्द्र कुमार, आरक्षी स्व0 सुनील भाटी एवं आरक्षी स्व0 सौरभ कुमार के परिजनों को पुलिस लाइन्स गौतमबुद्धनगर में पुलिस कमिश्नर द्वारा सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र सहित पुलिस उपायुक्त, नोएडा यमुना प्रसाद, पुलिस उपायुक्त यातायात, लखन सिंह यादव, पुलिस उपायुक्त, सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा साद मियॉ खान, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय/लाइन्स डा0 प्रवीन रंजन सिह, अपर पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय आर.के. गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त, लाइन्स सुश्री ट्विंकल जैन व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा पीढ़ी अपने कर्त्तव्यों व दायित्वों के प्रति सजग रहे : विशाल सिंह




**लखनऊ ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश सरकार के निदेशक सूचना विशाल सिंह ने सूचना निदेशालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

अपने संदेश में सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को परतंत्रता और स्वतंत्रता के अंतर को समझना चाहिए तथा अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति सजग रहना चाहिए। निदेशक ने सूचना विभाग के कार्मिकों से कहा कि वे प्रदेश की लाभकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का कार्य करें।

स्वतंत्रता दिवस पर सूचना निदेशालय में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर प्रदर्शनी लगाई गई। निदेशक सूचना ने प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया, जिसमें विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश से संबंधित सामग्री प्रदर्शित की गई। निदेशालय में इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। स्काउट-गाइड बच्चों के साथ निदेशक सूचना ने स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया।

कार्यक्रम में अपर निदेशक सूचना अरविन्द मिश्र के साथ सूचना निदेशालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-62 में निकाली तिरंगा यात्रा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आरडब्लूए रजत विहार सी ब्लॉक सेक्टर-62 में स्वतंत्रता दिवस का समारोह सेक्टरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर सेक्टरवासियों ने ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित नागपाल, महासचिव गोपाल शर्मा तथा समस्त आरडब्लूए टीम के तत्वाधान में झंडा पार्क में स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर सभी निवासियों ने स्वंतत्रता का पर्व मनाया गया। ध्वजा रोहन के बाद पूरे सोसायटी में तिरंगा यात्रा निकली गई। महासचिव गोपाल शर्मा ने राष्ट्र के प्रति समर्पित सभी निवासियों का आभार जताया।

# सबसे लम्बी तिरंगा यात्रा में सांसद ने युवा पीढ़ी में भरा जोश





**नोएडा ( चेतना मंच )।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने नोएडा के सेन्ट्रल पार्क इंडोसन सोसाईटी सैक्टर 75, आर. डब्ल्यु.ए. सैक्टर 27 एवं चोटपुर बहलोलपुर, सैक्टर 63, सैक्टर 21ए में ध्वजारोहण किया और नोएडा में विभिन्न जगहों पर आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

नोएडा में सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा नोएडा स्टेडियम के गेट नं0 4 से प्रारंभ हुई। यात्रा का सांसद ने अभिनंदन व स्वागत किया। नव ऊर्जा युवा संस्थान के अध्यक्ष पुष्कर शर्मा के नेतृत्व में 3000 फीट लंबा तिरंगा लेकर युवा पीढी ने नोएडा में एक नया आयाम स्थापित किया। उसके उपरांत 321 फीट लंबा तिरंगा बहलोलपुर चौकी से शुरू होकर सभी नागरिकों ने यात्रा निकाली तथा ब्रह्मोस मिसाईल को भी इस तिरंगा यात्रा में प्रमुखता से दिखाया गया। यह यात्रा मनोज उपाध्याय के नेतृत्व में प्रारंभ की गई। सैकड़ों लोग तिरंगा लेकर चले। आरडब्ल्यूए सैक्टर 27 नोएडा में शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में टॉप करने बच्चों को भी सांसद डॉ. महेश शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

इन सभी आयोजन में राजीव गर्ग अध्यक्ष आर. डब्ल्यु. ए. सैक्टर 27, मूलचंद अवाना, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, विकास जैन, अमित गुप्ता, आर. के. सिंह, अध्यक्ष, रोहित ठाकुर, अक्षय सिंह, बब्बन सिंह, हरि किशोर, धर्मेंद्र, बंटी, आकाश मिश्रा, नितेश उपाध्याय, पुष्कर शर्मा आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिम्स के निदेशक डॉ. बिग्रेडियर राकेश गुप्ताने इस अवसर पर ध्वजारोहण किया। समारोह में जिम्स के सीएमएस डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डीन डॉ. रम्भा पाठक व अन्य उपस्थित रहे।

# शहीदों की याद में जलाया दिया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंद मजदूर सभा द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर 'एक दिया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मजदूर सभा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व श्रमिकों ने दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हिन्द मजदूर सभा के प्रदेश सचिव आरपी सिंह चौहान के नेतृत्व में सेक्टर-5 हरौला स्थित संगठन के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदाधिकारी व श्रमिकों ने दिया जला कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश सचिव आर पी सिंह ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। जिसके बाद ही हमें स्वतंत्रता मिल पाई है। उन्होंने कहा कि देश वीर जवानों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

इस मौके पर गौतमबुद्धनगर के महामंत्री रितेश कुमार झा, विमलेश कुमार,के पी सिंह , सुदेश भाटी, शत्रुघ्न ,मतिउल्ला खां अफ़रोज़ , प्रवीन वर्मा, राजेश शर्मा, अमरजीत अनवर , श्रीमती मधु श्रीवास,निखत, प्रवीण,श्रीमती सोनी गुप्ता आदि श्रमिक शामिल हुए।

# स्वतंत्रता दिवस पर निकाली तिरंगा सद्भावना पदयात्रा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा सलारपुर में तिरंगा सद्भावना पदयात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह मौजूद रहे।

अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा सद्भावना पदयात्रा में श्री रामराज स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। पदयात्रा में सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद लाला लाजपत राय, भारत माता, रानी लक्ष्मी बाई, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर, आदि झांकिया ने सभी का मन मोह लिया।

सलारपुर गांव में जगह-जगह ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा एवं पुष्पमाला से तिरंगा यात्रियों का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा के समापन पर शिव मंदिर सलारपुर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज चौक मेट्रो स्टेशन 81 में हुआ। यहां भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर रेसलर बबीता नागर, नृत्यांगना प्रियांशी चौधरी, रूपचंद मुनीम, वीरेंद्र डाढा, सुखबीर सिंह आर्य, सुभाष चौधरी, पुरुषोत्तम नागर, चाचा हिंदुस्तानी, राकेश यादव, गौतम अवाना, सुरेश प्रधान, अजय प्रधान, रामकुमार प्रधान, योगेंद्र चौधरी, पंकज अवाना पवन चौरौली अन्य लोगों का तिरंगा यात्रा से पूर्व क्षेत्रीय प्रतिभा एवं अतिथि सम्मान के तहत पगड़ी बांधकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में झलकेश बाबूजी, सुभाष भाटी, रिकी प्रधान चरण सिंह भाटी सिंह राज गुर्जर गजेंद्र रेक्सवाल मनीष ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार पुरस्कृत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभाग अध्यक्ष उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व वन मुख्यालय लखनऊ स्थित प्रांगण में पुरस्कृत किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभाग अध्यक्ष उत्तर प्रदेश द्वारा पुरस्कृत होने वाले अधिकारियों में प्रभारी प्रभागीय वन अधिकारी गौतमबुद्धनगर प्रमोद कुमार व क्षेत्रीय वन अधिकारी ओखला पक्षी विहार अमित गुप्ता सम्मिलित हैं।


# सपाईयों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सपा नोएडा महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। पूर्व मंत्री अयूब अंसारी ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और देश की एकता अखंडता और विकास के लिए काम करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद, गौरव कुमार यादव, मोहम्मद तसलीम, ओमपाल राणा, देवेंद्र अवाना ,देवेंद्र गुर्जर, तनवीर हुसैन,मुन्ना आलम, गौरव सिंघल, टीटू यादव, राजेश अंबावत, रोहित यादव ,बिल्लू सैफी, सौरभ चौहान,राणा मुखर्जी, शालिनी खारी, बाबूलाल बंसल,मनोज गोयल, रामसहेली बौद्ध, बबली शर्मा, रेखा, विमला ,महकार तंवर, वीरपाल प्रधान, हरपाल सिंह,मुकेश जाटव,कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

# भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख ने फहराया तिरंगा



**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदाँयू जिले के सहसवान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती कृति यादव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विक्रांत यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा समर्थक मंच के जिलाध्यक्ष बने साबू मोन

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरूषोत्तम नारायण श्रीवास्तव के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा के बिसरख निवासी साबू मोन को संगठन में अहम जिम्मेदारी दी गई है।



भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने बिसरख निवासी साबू मोन पुत्र चन्द्रशेखर को भाजपा समर्थक मंच का जिला गौतमबुद्धनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्हें जिलाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव भाजपा समर्थक मंच के प्रदेश प्रभारी संग्राम सिंह सोलंकी ने किया था।

गौतमबुद्धनगर का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर साबू मोन ने संगठन के नेताओं का आभार जताया है और भरोसा दिलाया है कि वह संगठन को जिले में गति प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

# फेलिक्स अस्पताल ने निकाली 'तिरंगा यात्रा'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर फेलिक्स अस्पताल ने नोएडा एक्सप्रेस वॉकर्स के साथ मिलकर 'फेलिक्स तिरंगा यात्रा' निकाली। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद सुबह साढ़े 6 बजे 'तिरंगा यात्रा' की शुरुआत हुई। यह तिरंगा यात्रा फेलिक्स हॉस्पिटल्स से शुरू होकर अजनारा सोसायटी, गुलशन विवांटे, पैरामाउंट फ्लोराविल, एक्सोटिका फ्रेस्को, पूर्वांचल रॉयल पार्क, सुपरटेक ईको सिटी, लॉजिक ब्लॉसम काउंटी, पारस टिएरा होते हुए वापस फेलिक्स हॉस्पिटल पर संपन्न हुई।



फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने तिरंगे को सलामी दी और मौजूद लोगों को स्वस्थ एवं मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया। फेलिक्स हॉस्पिटल, गामा-1, ग्रेटर नोएडा में भी डॉ. डी.के. गुप्ता ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें साझा की।

इस मौके पर फेलिक्स हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे संभालना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। फेलिक्स हॉस्पिटल सदैव इस दिशा में अग्रसर रहेगा और ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम सामाजिक जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

# सांई मंदिर परिसर में फहराया तिरंगा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 40 स्थित साईं मंदिर परिसर में आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चो के लिये चलाए जा रहे साईं विधा निकेतन में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी त्रिलोक शर्मा ने ध्वजारोहण कर छात्र छात्राओ को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी।

# गामा-1 सेक्टर में स्वतंत्रता दिवस मनाया



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-1 में 79 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष मनोज भाटी( बोड़ाकी ) एडवोकेट, सत्येन्द्र भाटी महासचिव, अनिल चेची एडवोकेट कोषाध्यक्ष, लाखन भाटी एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,ठा. दलवीर एडोवकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,परशुराम यादव उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रालोद नेताओं ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय A34 सेक्टर चाइ ग्रेटर नोएडा पर 79 स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर ध्वजारोहण किया गया।

देश के शहीदों को याद किया करने के बाद नवनियुक्त (महिला प्रकोष्ठ) जिला अध्यक्ष श्रीमती रूबी जादौन का स्वागत किया गया।

इस मौके पर जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष अजीत सिंह दौला प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा पाठक मनवीर भाटी श्रीमती प्रियंका अत्रि हरवीर तालान अंशुम आनंद विशाल नागर ओमकार नागर मनोज चौधरी लक्ष्मण कुंतल राजेंद्र भाटीअतुल चौधरी अमित गुर्जर विनीत भाटी धर्मेंद्र शर्मा पप्पू वाल्मीकि सुदेश वाल्मीकि राहुल कुमार ठाकुर देवेंद्र सिंह आज सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने सिकंदराबाद में संगठन के लोगों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सिकंदराबाद के लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर शर्मा अपनी टीम के साथ सिकंदराबाद पहुंचे और कई लोगों के आवास पर उनसे भेंट की। इस दौरान लोगों की समस्याओं व संगठन का विस्तार करने पर विचार विमर्श किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर हैं। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष ने सिकंदराबाद क्षेत्र में बहुत कार्य किए हैं, साथ ही लोगों से आत्मीय संबंध भी बनाए हैं। इस कारण क्षेत्र में उनकी अपनी एक अलग पहचान बनी हुई है।

इस मौके पर कंतित पंडित, वेद प्रकाश, मास्टर रामगोपाल शर्मा, योगेश्वर नागर , केशव पंडित, देवेंद्र उर्फ देवों, आयुष शर्मा, मास्टर रामकुमार, पुरुषोत्तम, सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।





नोएडा भाजपा पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नोएडा महेश चौहान ने पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया।

# पृष्ठ एक के शेष....

### चार बच्चों की माँ....

उसने अपनी पत्नी की काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उसने थाना सेक्टर 113 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बजाय जीडी में गुमशुदगी दर्ज कर ली। न्यायालय ने विनोद के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए थाना सेक्टर 113 पुलिस को ललित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि न्यायालय के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### पंचायत में बवाल....

गहरी चोट आई है। फिरोज को अधमरा करने के बाद सभी आरोपी हथियार लहराते हुए मौके से धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में फिरोज को जिला अस्पताल ले जाया गया। फिरोज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दिल्ली के अस्पताल में फिरोज का उपचार चल रहा है। दनकौर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर साहिल, अशरफ, अकरम, गुल्लू ,नूर हसन व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### ट्रांसफर चोरी करने ....

क्रियाकलाप निवारण अधिनियम धारा 1986 के तहत गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर में निरुद्ध किए गए चारों बदमाश शातिर चोर हैं और यह ट्रांसफर चोरी तथा नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते हैं। इस गिरोह का सरगना आमिर है और यह संगठित गिरोह बनाकर वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस ने पूर्व में इन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### डांटने पर नाबालिग ....

लेकिन कोई पता नहीं चला। महेश ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी किसी के बहकावे में आकर घर छोड़ कर चली गई है। थाना जारचा प्रभारी का कहना है कि पीड़ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

### चोरी की बाइक पर....

बाइक सवार के पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान सोनू उर्फ पगला पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम सकरा जनपद मैनपुरी के रूप में हुई सोनू हाल में गेझा गांव में रह रहा है। इसके पास से तमंचा, कारतूस, चोरी की बिना नंबर की बाइक व चोरी की चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

एडीसीपी ने बताया कि सोनू शातिर किस्म का चोर है और चोरी की बाइक पर सवार होकर घटनाओं को अंजाम देता है। पकड़े गए सोनू उर्फ पगला पर विभिन्न थाना क्षेत्र में 9 मुकदमे पंजीकृत हैं। इसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### शहीदों की रज धूली से....

जहां 14 अगस्त को बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट महेश वर्मा और इंस्पेक्टर निहाल सिंह की मौजूदगी में शहीदों की रज धूली और सतलुज नदी के जल के साथ प्रेरणा यात्रा प्रारंभ की गई। जोकि देर रात को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति धरा मेरठ में शहीद मंगल पांडेय व धन सिंह कोतवाल जी के प्रेरणा स्थल पहुंची। जहां शहीदों को नमन करने के बाद 15 अगस्त को प्रेरणा यात्रा ने लाल कुआं से जिले में प्रवेश किया। जहां से 14 किलोमीटर देशभक्ति संगीतमय पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक एमएलसी श्रीचंद शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, जिला पंचायत संदस्य देवा भाटी, सपा के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी समेत हजारों की संख्या में लोगों ने यात्रा में शामिल होकर शहीदों की रज धूली को नमन किया और हर कोई बोला जय हो।

इस अवसर पर यात्रा में समाजसेवी सुधीर वत्स ने मंगल पांडेय के रूप में अपनी झांकी प्रस्तुत की और बेडियों जकडे हुए 14 किलोमीटर की यात्रा को पैदल चलकर पूरा किया। वहीं सिटी हार्ट एकेडमी के डायरेक्टर एवं जय हो संस्था के संयोजक संदीप भाटी के द्वारा भगत सिंह की जेल डायरी नामक झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं कुछ छात्र छात्राओं के द्वारा ऑप्रेशन सिन्दूर की झांकी प्रस्तुत करते हुए व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी के किरदार निभाए। इसी के देश दुनिया में तिरंगा झंडा लहराने वाले चाचा हिंदुस्तानी ने पूरी यात्रा के दौरान तिरंगा लहराया। इस दौरान यात्रा में शामिल सभी झांकिया लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस दौरान संस्था की ओर से रज धूली लाले हुसैनीवाला गए पांच सदस्यों में संस्था के संयोजक संदीप भाटी भी शामिल रहे। लेकिन 14 अगस्त को जैसे ही हुसैनीवाला से शहीदों रज धूली और सतलुज नदी का जल लेकर प्रेरणा यात्रा प्रारंभ की गई तभी उनके भाई की अस्पताल में मृत्यु होने की दुखद खबर प्राप्त हुई। लेकिन संदीप भाटी ने भारी कष्ट के बावजूद शहीदों की रज धूली को यात्रा के माध्यम से निश्चित स्थान तक पहुंचाने का फैसला लिया और यात्रा में भगत सिंह जेल डायरी के नाम से रही विशेष झांकी में शहीद-ए-आजम भगत सिंह का रोल भी प्ले किया।

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, संस्था के संरक्षक मनोज गोयल, कपिल चौधरी, रविंद्र रौसा, सुनील कश्यप, हरीश बैसोया, प्रमोद शर्मा, विशाल नागर, दीपक शर्मा, सुरजीत विकल, पुष्प शर्मा, सुमंत दीक्षित, राजू पंडित, महेंद्र नागर, अनिल नागर प्रधान दुजाना, बार एसोसिएशन सचिव अजीत नागर, संजय शर्मा, विवेक रावल, गुलशन शर्मा, नीरज राव, पवन त्यागी, मनोज प्रधान, नकुल बैंसला आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** फ्लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय के साथ उसके साथियों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। लोगों को आता देखकर आरोपी अपनी बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से जनपद एटा निवासी शिवमोहन फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय का काम करता है। 14 अगस्त की रात्रि को वह ड्यूटी खत्म कर घर जा रहा था। इस दौरान उसके साथ कंपनी में काम करने वाले मोहित, कालू व लुक्का ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। शिव मोहन ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आए तो आरोपी अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। शिव मोहन के मुताबिक मारपीट में उसे काफी चोटे आई हैं पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# ध्वजारोहण कर तिरंगे को किया नमन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बचपन बचाओ सेवा समिति एनजीओ द्वारा 79 वा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम सेक्टर 64 सहारा कट पर धूमधाम से मनाया गया। सभी लोगों ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शाह ने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। महासचिव गौरव कुमार यादव ने कहा कि आजादी के इस पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने कर्म विचार और आचरण से देश की प्रगति एकता और समृद्धि में योगदान देंगे। बचपन बचाओ सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश शाह, राष्ट्रीय महासचिव गौरव कुमार यादव, हीरालाल शाह, शिवम पांडे, महेश कुमार, अनुपम, कृष्णा गुप्ता,मुरली, बरकत अली, अली आलम, कैलाश, सोनू गुप्ता ,हिमांशु कुशवाहा, जया केशरी, मुस्कान, गारवी, सोनू शर्मा, भूप सिंह, उत्कर्ष सिन्हा, हेमंत, अनीश अहमद, कुमरपाल, धर्मवीर, उमेश पाल शर्मा, मुकेश, अजय,राजकिशोर, रूम पाल, चंद्र, उत्तम, रामकुमार, शाकिर अली, रामू, नेत्रपाल सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण समारोह में छात्राओं ने पेश की ऑपरेशन सिंदूर की झांकी

## ग्रेनो वेस्ट स्थित प्राधिकरण के दफ्तर में एसीईओ सुमित यादव ने किया ध्वजारोहण

**ग्रेटर नोएडा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने तिरंगा झंडा फहराया। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भौगोलिक और राजनीतिक रूप से हम लोग स्वतंत्र हो गए हैं, लेकिन अशिक्षा, गरीबी और सामाजिक समरसता व समानता पर और कार्य करने की जरूरत है, तभी हमारा देश विश्व गुरू बन सकता है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सकता है।

ध्वजारोहण समारोह में सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज, मंथन और केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों से समां बांध दिया। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव और ओएसडी गुंजा सिंह ने ग्रेनो वेस्ट स्थित कार्यालय पर ध्वजारोहण किया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद ऑडिटोरियम में संबोधन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। एसीईओ ने कहा कि ग्रेटर नोएडा के इस देश का उद्यमी हो, किसान या फिर आम नागरिक, सभी देश के विकास के लिए प्रयासरत हैं। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे राष्ट्र प्रेमियों और राष्ट्र








नायकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। आज का दिन संकल्प लेने का दिन है कि हमारे राष्ट्र नायकों ने जिन सपनों के लिए देश को आजाद कराया है हम लोग उनको पूरा करें। जाति-पांत के भेदभाव को खत्म करने की जरूरत है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि 1947 तक आजादी की लड़ाइयां लड़ीं, उसी की देन है कि हम स्वतंत्र देश में रह रहे हैं। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि सीमित संसाधनों में खुद को ढालना, पर्सनल लाइफ को मोबाइल से दूर रखना और अपने कार्य को औसत से उत्कृष्टता की ओर ले जाने का निरंतर प्रयास करते रहना है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं।

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में रहकर कार्य करने का अवसर मिला है। हमें पूरी मेहनत और लगन से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। ग्रेटर नोएडा एक मिनी इंडिया की तरह है। देश भर से लोग यहां आकर एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं। सभी एसीईओ ने सीईओ एनजी रवि कुमार के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए ग्रेटर नोएडा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए स्टाफ के साथ संकल्प लिया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक व ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने समारोह को संबोधित किया। इससे पहले सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज, मंथन और केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पहलगाम अटैक के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर छात्राओं की प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

प्राधिकरणकर्मी की बेटी तितली रानी ने सभी को मेहनत और इमानदारी से कार्य करने की सीख दी। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में जीएम वित्त विनोद कुमार, प्रधान महाप्रबंधक संदीप चंद्रा, ओएसडी एनके सिंह आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ओएसडी अर्चना द्विवेदी ने किया। वहीं, ग्रेनो वेस्ट में ध्वजारोहण समारोह में भी छात्रों ने देशभक्ति कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# नोएडा प्राधिकरण में स्वतंत्रता दिवस पर भव्य समारोह







**नोएडा ( चेतना मंच )।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नौएडा प्राधिकरण द्वारा इंदिरा गांधी प्रांगण में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम. ने राष्ट्राध्वज को सम्मान पूर्वक फहराया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ उपस्थित रहे।

समारोह में मैरीगोल्ड स्कूल, सैक्टर-19 के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रेरणादायी प्रस्तुति दी, जिससे सम्पूर्ण वातावरण 'वंदे मातरम्' की गूंज और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम. द्वारा अपनी मधुर सितार प्रस्तुति से समारोह को एक अनूठा सांस्कृतिक आयाम प्रदान किया। डॉ. लोकेश एम ने सितार पर 'वंदे मातरम' की शानदार प्रस्तुति दी।

अपने सम्बोधन में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने प्राधिकरण की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भूमि एवं प्लॉट आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया, बजट में उल्लेखनीय वृद्धि, शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण, पार्कों एवं तालाबों का निर्माण, वेस्ट वंडर पार्क की स्थापना (जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा शीघ्र किया जाएगा), सैक्टर-128 से 137 तक गंगाजल आपूर्ति पाइपलाइन परियोजना प्रगति पर है।

डॉ. लोकेश एम. ने भारत की सांस्कृतिक एवं भाषायी विविधता, राष्ट्रीय एकता और नागरिक उत्तरदायित्व के महत्व पर बल देते हुए यह संकल्प व्यक्त किया कि नौएडा प्राधिकरण भविष्य में एक और अधिक विकासशील, सशक्त एवं स्वच्छ नौएडा के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगा।

इस मौके पर सीईओ ने कहा कि 15 दिनों में मुख्यमंत्री भंगेल एलिवेटेड रोड के साथ-साथ प्राधिकरण के नए भवन व कई अन्य योजनाओं का अनावरण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि गंगाजल के मामले में अभी 330 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है। शीघ्र ही नए सेक्टर में नवंबर-दिसंबर तक गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव में भी तेजी से विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इस मौके पर एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल, ओएसडी महेंद्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रताप, महा प्रबंधक सिविल अशोक कुमार अरोड़ा, महाप्रबंधक एसपी सिंह, महा प्रबंधक (जल एवं विद्युत यांत्रिकी) आर.पी. सिंह, उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल समेत कई बड़े अधिकारी तथा सभी वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक के अलावा नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार व समिति कर्मचारी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के उपरांत मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सब मॉल के पास आटा पीर चौराहे पर क्लॉक टॉवर ट्रैफिक बूथ एवं सैक्टर-30, निठारी में वाटर ए.टी.एम. का उद्घाटन किया गया।

# लोटस बुलेवार्ड में स्वतंत्रता दिवस का उल्लास



**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोटस बुलेवार्ड, सेक्टर 100 में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई।

सोसायटी में रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताएं शामिल थीं। बच्चों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश भी दिया।

देशभक्ति के रंग में रंगा परिसर 'वंदे मातरद्ग' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। सभी ने संकल्प लिया कि वे देश की प्रगति और एकता में अपना योगदान दें।

# छेदी सिंह इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर के आकलपुर गांव में स्थित छेदी सिंह इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस का समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत प्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनकी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खासी सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रिटायर्ड हेड मास्टर भागमल शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में असंख्य वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। अमर सपूतों के बलिदान तथा उनके स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए संग्राम की वजह से ही हमें आजादी मिल पाई। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वह शहीदों के बताए रास्ते पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाएं।





स्कूल के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। जिसमें तकनीकी शिक्षा की महती आवश्यकता है। संचार क्रांति और तकनीकी क्षेत्र में आगे होने के कारण आज अमेरिका पूरे विश्व में राज कर रहा है। हमारा देश भी संचार और तकनीकी क्षेत्र में आज किसी से पीछे नहीं है। देश के होनहार युवा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सफलता के झंडे गाढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पूरे मानव योग से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से संबंधित लघु नाटिकाएं व गीत संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती रेनू सिंह एवं सुश्री मधु शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं को प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में आकलपुर गांव के प्रधान मुकेश भाटी, पूर्व प्रधान नेम सिंह, विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य करतार सिंह, सतीश शर्मा, राजरूप सिंह सहित कॉलेज के अध्यापक अध्यापिकाएं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।




**स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय किसान परिषद की प्रदेश अध्यक्ष बबली शर्मा ने रसूलपुर एनटीपीसी दादरी में ध्वजारोहण किया।**

# कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता दिवस पर फहराया तिरंगा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा पूर्व अध्यक्ष शाहबुद्दीन के कार्यालय स्थित सैक्टर-9 बांस बल्ली ड्रम मार्केट नोएडा पर तिरंगा फहराया। वेस्ट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष चांद मोहम्मद के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरनगर कोऑर्डिनेटर दिनेश अवाना एडवोकेट, बागपत कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र शर्मा, गौतमबुद्धनगर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जावेद खान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य यतेंद्र शर्मा, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा उपाध्यक्ष डॉ. सीमा,महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा कोषाध्यक्ष संजय तनेजा, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा महासचिव दयाशंकर पांडे, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम प्रदेश सचिव अन्नू चौहान, युवा कांग्रेस जिला महासचिव सलमान सिद्दीकी, युवा कांग्रेस जिला महासचिव कुलदीप पहाडिया, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा सचिव आशुतोष पडरू, नोएडा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष नीरज अवाना, नोएडा युवा कांग्रेस महासचिव वाहिद,आर एल शर्मा, परवेज़,विननू पंडित, जिला महासचिव युवा कांग्रेस श्याम दीक्षित, सलमा,महेदी, बिजेंद्र,नीरज,समीर शाह, मनोज शाह, अनिल,राजवती राठौर, मोनू पंडित, खटाना जी, ज़मीर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनईए के सदस्यों ने किया ध्वजारोहण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नौएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के प्रांगण में



एन0ई0ए0 अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन महासचिव वी0के0सेठ ने एनईए की पूरी टीम के साथ ध्वजारोहण किया। एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व को धूम-धाम से मनाया गया।

इस अवसर पर एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने कहा आज के दिन हमारा देश आजाद हुआ था और इसे हम सभी धर्मो को मानने वाले भारतवासी एक पर्व के रूप में मनाते हैं। पहलगाम जैसी अप्रिय घटना जो देश का सौहार्द बिगाडती है वो नही होनी चाहिए। आज हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है हमें देश के विकास में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए।

विपिन कुमार मल्हन ने कहा, हमें स्वदेशी को बढावा देना चाहिए, हम लोग दिवाली पर भारत की मिट्टी से बने दिये जिन्हें भारतीय बनाते हैं जो ज्यादातर गरीब परिवार के लोग होते है, हम उनसे मोल-भाव करते हैं वहीं विदेशी वस्तुओं की खरीद के लिए बडे-बडे मॉल में जाते हैं जहॉ उनके मॅहगे उत्पाद बिना किसी मोल-भाव के लाते हैं सबसे पहले हमे अपने आप को बदलना होगा, स्वदेशी अपनाना होगा।

इस अवसर पर एनईए के वरि. उपाध्यक्ष, राकेश कोहली, धर्मवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष एस0सी0जैन, सह कोषाध्यक्ष संदीप विरमानी, उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, मोहन सिंह, सचिव राजन खुराना, मयंक गुप्ता, विरेन्द्र नरूला, राहुल नैययर, अजय अग्रवाल, ओम प्रकाश, इन्दरपाल खांडपुर, नितिन गुप्ता, प्रवीन कुमार गुप्ता, साजिद अली खान, अमित बंसल, पवन बंसल, अनिल अग्रवाल, अनिल गुप्ता, अजय अग्रवाल, एस0के0मल्होत्रा, नवनीत अग्रवाल, दलीप मल्होत्रा, नरेन्द्र थरेजा सहित कई उद्यमी मौजूद थे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया याद

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मोहन इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-62 में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवाब सिंह नागर ने सम्मिलित होकर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ सभी उपस्थित जनों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया।



समारोह में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताओं की शानदार प्रस्तुतियों ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मौशमी बनर्जी, संचालक सचिन नागर, मनीष नागर, समस्त शिक्षक एवं सहयोगीगण उपस्थित रहे।

## आईआईए ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज



एसोसिएशन) ग्रेटर नोएडा चैप्टर में आज स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। सुबह ठीक 10 बजे चैप्टर कार्यालय प्रांगण में चेयरमैन श्री सरबजीत सिंह द्वारा तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में IIA सदस्यगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय गान की गूंज के साथ ध्वज को सलामी दी गई और स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों की त्वरित एवं सटीक कार्यवाही को भी विशेष रूप से याद किया गया।

अपने संबोधन में चेयरमैन सरबजीत सिंह ने कहा कि MSME (Micro, Small & Medium Enterprises) सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और IIA के सदस्य इस ताकत का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने सभी उद्यमियों से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के साथ अपने उद्योगों को आगे बढ़ाएँ और स्थानीय युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराएँ।

## कांग्रेस सेवा दल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कार्यालय कांग्रेस सेवा दल ने स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वसील अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष सेवा दल, आस मोम्मद बिजली वाले नदीम प्रधान इमरान सैफी राधा रानी धीरेंद्र सिंह फौजी राजू गौतम ओमवीर सिंह टीलू पंडित गौरव खारी आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रीनगर के सांसद पहुंचे छौलस



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीनगर के सांसद आग़ा सैय्यद रूहुल्लाह मेहंदी कल आल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अब्बास हैदर रिजवी के आवास छौलस पहुंचे।

आग़ा सैय्यद रूहुल्लाह मेहंदी ने छौलस के इमामबाड़ों की जियारत की और छौलस के हालात पर चर्चा की आग़ा के साथ छौलस में डाक्टर ज़फ़र इक़बाल, ज़ाकिर हुसैन, रिजवान हैदर प्रदेश सचिव (समाजवादी अल्पसंख्यक सभा) अखलाक सैफी, कुद्दू बीडीसी, फहीम रिज़्वी, इमरान हैदर, नईम हैदर, अब्बास अली, मौलाना मौहम्मद रज़ा, मुईन, सज्जाद, रिहान, आदि लोग रहे।

## मंडी समिति ने मनाया स्वतंत्रा दिवस



**नोएडा (चेतना मंच)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस कल फेस-2 स्थित फल एवं मंडी समिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंडी सचिव पंकज कुमार शर्मा ने झंडा रोहण कर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

इस अवसर पर उन्होंने बलदानियों एवं शहीदों को स्मरण कर इन्हें नमन किया।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सेमिनार आयोजित

**भदोही (चेतना मंच)।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस



सेमिनार जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में मुखर्जी पार्क ज्ञानपुर में संपन्न हुआ तथा उसके पश्चात मौन जुलूस निकालकर मुखर्जी पार्क से शहीद पार्क होते हुए शहीद अमर शहीदों क्रांतिकारी को उनके चित्र पर माल्यार्पण किया उसके पश्चात शीतल पाल जहां पर भारी संख्या में लोग मौन जुलूस निकालकर शीतल पाल के मूर्ति पर पुष्प गुच्छ माल्यार्पण किया और उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन वहां अर्पित किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूध त्रिपाठी नागेंद्र सिंह संतोष पांडेय हौसला प्रसाद पाठक कन्हैयालाल मिश्र विनय श्रीवास्तव रमेश पांडेय लालता प्रसाद सोनकर सत्यसिल गुप्ता गोवर्धन राय सुनील मिश्रा प्रदीप सिंह संगीता खन्ना स्नेह लता श्रीवास्तव पूनम मौर्या पूनम गुप्ता मनीष पांडेय दीपक तिवारी आकाश शिवम सुरेंद्रनाथ पांडेय वीरेंद्र पांडेय गोरेलाल पांडेय हरिओम सिंह प्रवीण सिंह मुन्ना अनिल सिंह मुन्ना संजय सरोज बिहाल पासी पंडित सिंह अशोक पाठक शिवम शिवलाल मौर्य इत्यादि प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया झंडा रोहण



**भदोही (चेतना मंच)।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने झंडा रोहण कर राष्ट्र को मजबूत करने का संकल्प लिया। उसी क्रम में जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने समस्त प्रभार मंडल जनपद भदोही का हार्दिक शुभकामनाएं सहित बधाई दिया साथ में उपस्थित सभी वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य और सम्मानित भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय पर उपस्थित रहे आप सभी लोगों ने भी जनपद की मंगल कामना किया है।

## सीटू ने हर्षोल्लास के मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कार्यालय सेक्टर- 8, नोएडा पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय गान के साथ सीटू, जनवादी महिला समिति, सीपीआई(एम) दलित शोषण मुक्ति मंच के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया!

इस अवसर पर झंडा रोहण कर सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यह दिन हमें असंख्य बलिदानों से प्राप्त हुआ है उन्होंने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता दिलाने में हुए सभी शहीदों को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम की महान समावेशी विरासत की रक्षा करने का सभी से संकल्प लेने का आग्रह किया। साथ ही सभी देश- प्रदेश व जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला सचिव रामसागर ने रोजी-रोटी, भाईचारा, संविधान और लोकतंत्र की हिफाजत की लड़ाई को मजबूत करने पर बल दिया। इस अवसर पर शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को सीटू नेता राम स्वारथ, भरत डेंजर, गंगेश्वर दत्त शर्मा, शंभू, जनवादी महिला समिति की नेता चंदा बेगम, रेखा चौहान, गुड़िया देवी, मेहंदी, माकपा नेता रामसागर, हरकिशन सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, दलित शोषण मुक्ति मंच के नेता धर्मेंद्र गौतम, भीखू प्रसाद, रमाकांत सिंह आदि ने संबोधित किया।

## जिला जज ने किया झंडा रोहण




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन नोएडा गौतमबुद्धनगर द्वारा बार सभागार में धूम धाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेन्द्र भाटी एडवोकेट जिला जज मलखान सिंह तथा सचिव अजीत नागर द्वारा झंडा रोहन किया गया।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारा सभी शुभकामनायें दी तथा आह्वान किया कि देश की आजादी हुए बलिदानी को याद कर पूरी ईमानदारी निष्ठा से निर्भीक, होकर वादकारियो को समय पर न्याय दिलाने तथा समाज हित देश में बढ़ चढ कर हिस्सेदारी करें ताकि आने वाली पीढ़ियां हमसे प्रेरणा ले।

## ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** मुकुल गोयल ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा और विकास विश्रांति के संयुक्त तत्वाधान में संस्था द्वारा संचालित अपना स्कूल ऐच्छर में 15 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर अपना स्कूल (एल्डिको ग्रीन मिडोज सोसाइटी के पीछे- रामलीला ग्राउंड के पास ऐच्छर) सुबह 8.30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण के बाद स्कूल में पढ़ रहे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शुभम सिंघल, कपिल गुप्ता, मुकुल गोयल, विनय गुप्ता, कपिल शर्मा, कपिल गर्ग, मनु जिंदल, राकेश शर्मा, मोहित बंसल, उदित गोयल, शुभम गोयल, अतुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी कार्यक्रम प्रारंभ



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ श्री महाराजा अग्रसेन भवन स्वर्ण नगरी में हुआ।

कार्यक्रम में तिरुपति बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, प्रभु जगन्नाथ, राम दरबार, माँ दुर्गा, शिव परिवार आदि की झाँकी भी दर्शन के लिए लगायी गई हैं। कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर की कमेटी द्वारा कीर्तन व कई प्रकार की झांकियों का आयोजन किया गया।

## शारदा विवि और अस्पताल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित




शारदा विश्वविद्यालय और अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। देश के गौरवशाली इतिहास ,संस्कृति और उपलब्धियां को यादगार बनाने के लिए यूनिवर्सिटी में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के प्रबंधन, शिक्षक ,सहयोगी कर्मचारी और छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शारदा विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता , प्रो चांसलर वाइके गुप्ता,वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा, और अस्पताल के सभी सीनियर मेंबर ने ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ किया गया। छात्रोंने हिंदी कविता और टॉक शो के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया।

## कांग्रेस ने निकाला विशाल मशॉल जुलूस

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतम बुद्ध नगर के अध्यक्ष दीपक भाटी




चोटीवाला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के देशव्यापी वोट चोरों-गद्दी छोड़ो अभियान के तहत जनपद के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विशाल मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस गौतमबुध नगर के कार्यकर्ता व सिविल सोसाइटी के लोग जिला अध्यक्ष दीपक चोटीवाला के नेतृत्व में सुपरटेक इको विलेज वन के सामने एकत्रित हुए तथा वहां से सैकड़ो मशालों को जलाकर एक साथ, एक सुर में वोट चोरों गद्दी छोड़ो का जय घोष करते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट की मुख्य सड़क से होते हुए हनुमान मंदिर की तरफ बढ़े, हनुमान मंदिर गोलचक्कर पहुंचकर मशाल मार्च को इस संकल्प के साथ स्थगित किया गया की लोकतंत्र को बचने के मशाल निरंतर हम जलाकर रखेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने मशाल जुलूस के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं, आम लोगों व मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ सबूतों के साए में यह सिद्ध कर दिया है कि किस प्रकार से भारत के लोकतंत्र की रक्षक संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग तथा भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के लोगों को मुर्ख मानकर मतदान में, मतदाता सूचियों में और वोटिंग मशीनों में भी हेरा फेरी करके जनादेश को लूटने का काम कर रही है।

मशाल जुलूस कार्यक्रम में धर्म सिंह बाल्मीकि, मुकेश शर्मा, रिजवान चौधरी, सुबोध भट्ट, निशा शर्मा, गौरव वशिष्ठ, मौहम्मद तकी , विजय नागर, अनित भाटी, राजू राव, आसिफा, किशनशर्मा, देवेश चौधरी, आर0 के0 प्रथम, कैलाश बंसल, रमेश यादव, रूबी चौहान, रमेश बाल्मीकि, नितीश चौधरी, सचिन जीनवाल, सचिन शर्मा, तनवीर अहमद, अरविन्द रेक्सवाल, अरुण भाटी, महाराज सिंह नागर, दीपक प्रजापति, योगी प्रधान, यश भाटी,बिन्नू भाटी, रमेश जीनवाल, रूपेश भाटी राज सिंह भाटी सचिन भाटी, इंद्रेश कुमार, अमित भाटी, राहुल, पुनीत भाटी पवन भाटी, नरेश कुमार,आशु पहलवान,सरूप भगवत, सईद,राहुल मिश्रा, नरेश शर्मा, आशु,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मनाया आजादी का महापर्व

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कैम्प कार्यालय, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) पर आजादी के महापर्व 79 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला कांग्रेस कार्यालय बिसरख पर ध्वजारोहण कर मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर उपस्थित आम लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में धूमधाम से मनाया।

ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के उपरांत जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज आजादी का महापर्व मनाते हुए हम उन वीर बलिदानियों को नहीं भूल सकते जिन्होंने इस मातृभूमि को अंग्रेज जालिमों से आजाद करने के



लिए हँसते हँसते अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

महात्मा गाँधी जैसे महामानव ने आजादी के आंदोलन का नेतृत्व किया और उच्च कुलीन वर्ग से आने वाले पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपने जीवन के अनेक कीमती वर्ष आजादी पाने के लिए आन्दोलनों के दौरान जेल में गुजार दिए, और ऐसे अनेक उदाहरण हैं जो न सिर्फ हमें इस आजादी का मान समझाते हैं बल्कि हमें कर्तव्यबोध भी करते हैं।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण के दौरान सुबोध भट्ट, किशन शर्मा, ओमकार राणा, नीरज शर्मा, धर्म सिंह बाल्मीकि, निशा शर्मा, रिजवान चौधरी, मुकेश शर्मा, आर0के0प्रथम, कपिल भाटी एडवोकेट, प्रिंस भाटी, चरण सिंह भाटी, गौतम सिंह, बिन्नू नेता जी, तनवीर अहमद, अरुण भाटी, अरविन्द रेक्सवाल, रूपेश भाटी, सचिन भाटी, अरुण भाटी, धीरा जीनवाल, रमेश जीनवाल, चंद्रपाल प्रधान, सचिन जीनवाल, सचिन शर्मा, गौरव वसिष्ठ, आदि कार्यकर्ता व लोग उपस्थित थे।

## विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण-पत्र वितरित



**नोएडा (चेतना मंच)।** आरडब्लूए सेक्टर-144 में विजयी हुए प्रत्याशियों को चुनाव अधिकारी लवलेश कुमार शिशोदिया द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए अध्यक्ष संजय चौहान महासचिव भगत सिंह तोगड डॉ सौरव मिश्रा उपाध्यक्ष फूला सिंह कोषाध्यक्ष रजनी सिंह सयुक्त सचिव प्रमोद कुमार सदस्य बीना भारद्वाज सदस्य सभी सदस्यों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किए सभी नव निर्वाचित सदस्यों ने कहा सेक्टर मे विकास कार्य कराने के लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे इस मौके पर लाट साहब लोहिया एडवोकेट बिजेंद्र चौहान सुभाष भाटी सोनू चौहान देवराज चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

## कुलीपुरा में हुआ झंडारोपण




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गांव कुलीपुरा में कल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी के संरक्षक विपिन भाटी प्रमुख ने पुस्तकालय पर झंडा रोहण किया और लोगों को मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोहत कुलीपुरा, मास्टर नत्थेराम भाटी, सुबोध भाटी, जयचंद, अंकुर, विपिन, सचिन, नरेन्द्र, गुडडू आदि लोग मौजूद रहे।




**कल दादरी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्रह्मोस मिसाइल ऑपरेशन सिंदूर एवं युवा लोकमंच की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर विनोद प्रजापति मौजूद रहे।**


सभी क्षेत्रवासियों को
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
निकेता भाटी
नंदिनी भाटी
एपेक्स इंटरप्राइजेज
डी-35, ओमेक्स इंडिया ट्रेड सेंटर, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा